नेपाल भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाला नया करेंसी नोट जारी करेगा

चर्चा में क्यों?

नेपाल ने हाल ही में एक मानचित्र के साथ 100 रुपए के नए नोट छापने की घोषणा की है जिसमें **लिपुलेख, लिंपियाधुरा और** कालापानी के भारतीय क्षेत्र शामिल हैं।

- **नेपाल सरकार ने मुद्रा नोट पर वर्तमान मानचित्र को अद्यतन संस्करण के साथ बदलने के लिये नेपाल राष्ट्र बैंक को अधिकृत किया है।**

मुख्य बिंदु:

- लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को भारत ने पूर्व में **नवंबर 2019 के अपने नक्शे में शामिल** किया था।
  - **मई 2020 में** नेपाल द्वारा एक **राजनीतिक मानचित्र जारी** करने के बाद **नई दिल्ली और काठमांडू** के बीच तनाव उत्पन्न हो गया, जिसमें **समान क्षेत्र शामिल थे।**
  - राजनयिक संबंध तब और तनाव में आ गए जब नेपाल ने वर्ष 2020 में **लिपुलेख के माध्यम से कैलाश मानसरोवर को जोड़ने वाली सड़क के उद्घाटन पर आपत्ति जताते हुए** भारत को एक राजनयिक नोट सौंपा।
  - भारत के **विदेश मंत्रालय** ने नेपाल की आपत्ति का जवाब देते हुए कहा था कि **उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले से गुज़रने वाली सड़क पूरी तरह से भारतीय क्षेत्र में आती है।**
- नेपाल ने सुगौली संधि 1816 के आधार पर अपना दावा जताया है। संधि के अनुसार लिम्पियाधुरा, **कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाल के हैं।**
  - **ईस्ट इंडिया कंपनी और गुरु गजराज मिश्रा** के बीच 4 मार्च 1816 को हस्ताक्षरित **सुगौली संधि ने वर्ष 1814-16 के एंग्लो-नेपाली युद्ध के बाद** नेपाल की सीमा रेखा को रेखांकित किया।
  - हालाँकि भारत ने कहा है कि **भारत और नेपाल के बीच वर्ष 1950 की शांति एवं मित्रता की संधि ने सुगौली संधि को रद्द कर दिया।**
  - नेपाल का तर्क है कि 1923 की नेपाल-ब्रिटेन मैत्री संधि जैसी संधियों ने ब्रिटिश शासन के युग के दौरान उसकी संप्रभुता की पुष्टि की।

भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद

- भारत और नेपाल के बीच **कालापानी - लिंपियाधुरा - लिपुलेख ट्राइजंक्शन तथा सुस्ता क्षेत्र (पश्चिम चंपारण ज़िला, बिहार)** पर सीमा विवाद है।
- **कालापानी क्षेत्र:**
  - कालापानी एक घाटी है जिसे भारत द्वारा उत्तराखंड के पिथोरागढ़ ज़िले के एक हिस्से के रूप में प्रशासित किया जाता है। यह कैलाश मानसरोवर मार्ग पर स्थित है।
    - कालापानी 20,000 फीट से अधिक की ऊँचाई पर स्थित है और उस क्षेत्र के लिये एक अवलोकन चौकी के रूप में कार्य करता है।
  - **कालापानी क्षेत्र** में काली नदी भारत और नेपाल के बीच सीमा का निर्धारण करती है।
  - **वर्ष 1816 में नेपाल साम्राज्य और ब्रिटिश भारत (एंग्लो-नेपाली युद्ध के बाद)** द्वारा हस्ताक्षरित सुगौली की संधि में काली नदी को भारत के साथ नेपाल की पश्चिमी सीमा के रूप में स्थित किया गया था।
  - **काली नदी के स्रोत** का पता लगाने में विसंगति के कारण भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद उत्पन्न हो गया तथा प्रत्येक देश ने अपने-अपने दावों का समर्थन करते हुए मानचित्र तैयार किये।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nepal-to-introduce-new-currency-note-featuring-indian-territories